# मीनाक्षी चौराहा बनेगा शहर की नई पहचान

- अब पार्किंग से खत्म होगी जाम की समस्या
- मेट्रो सिटी की तर्ज पर लग रहे दुकानों के बोर्ड



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 22 मई. शहर का मीनाक्षी चौराहा अब नई पहचान की ओर बढ़ रहा है. नगर पालिका द्वारा 50 लाख रुपए की लागत से शुरू किए गए सौंदर्यीकरण कार्य के दूसरे चरण में अब पार्किंग निर्माण और बाजार को एकरूप स्वरूप देने का काम तेजी से किया जा रहा है. मेट्रो सिटी की तर्ज पर दुकानों के बोर्ड भी लगाए जा रहे हैं.**

पहले चरण में दुकानों को पीछे शिफ्ट कर सड़क निर्माण कराया गया था. सड़क के बीच बाधा बन रहे बिजली के पोलों को 2 लाख 75 हजार 216 रुपए की लागत से हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट किया गया. इसके साथ ही पूरे क्षेत्र में पेबल ब्लॉक लगाए गए, जिससे चौराहे की तस्वीर बदलने लगी.

अब नगर पालिका सुलभ शौचालय के पीछे पार्किंग तैयार करवा रही है. इससे सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहनों की समस्या दूर होगी और लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी. वर्तमान में वाहन सड़क पर खड़े होने से अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है.

### इंदौर के 56 बाजार की तर्ज पर दिखेगा पूरा चौराहा

मीनाक्षी चौराहे को आकर्षक और व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए दुकानों के ऊपर एक समान स्ट्रक्चर बनाया जा रहा है. नगर पालिका यह काम इंदौर के प्रसिद्ध 56 बाजार की तर्ज पर करवा रही है. इसके लिए पहले ही दुकानदारों को दुकानों का आकार और डिजाइन एक समान रखने के निर्देश दिए जा चुके थे. नया स्ट्रक्चर बनने के बाद सभी दुकानें एक जैसी दिखाई देंगी और दुकानों के नाम भी एक समान शैली में लिखे जाएंगे. इससे चौराहे की सुंदरता और भी निखरकर सामने आएगी.

### ऐसे बदली मीनाक्षी चौराहे की तस्वीर

- नवंबर 2022 में ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए, लेकिन संचालन बंद हो गया.
- जनवरी, मार्च और मई 2023 में निरीक्षण हुए, पर काम आगे नहीं बढ़ा.
- मई 2023 में 16 दुकानों को अतिक्रमण में चिन्हित किया गया.
- 29 दिसंबर 2023 को दोबारा चौड़ीकरण का निर्णय लिया गया.
- जनवरी 2024 में नए लेआउट की प्रक्रिया शुरू हुई.
- दिसंबर 2024 में दुकानों को हटाकर सड़क निर्माण कराया गया.
- अब दूसरे चरण में पार्किंग और एकरूप बाजार का निर्माण चल रहा है.

### फिल्टर प्लांट की सफाई 14 साल बाद हो रही

नगर पालिका 14 साल पुराने फिल्टर प्लांट में पहली बार क्लोरीन गैस टैंक, फिल्टर सहित अन्य उपकरणों की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है. फिल्टर प्लांट के सभी छह फिल्टरों के वॉल्व बदले जा रहे हैं और उनकी मरम्मत भी की जा रही है. जानकारी के अनुसार लंबे समय से प्लांट के छह में से केवल तीन फिल्टर ही सही तरीके से काम कर रहे थे, जिससे पानी शुद्धिकरण व्यवस्था प्रभावित हो रही थी. अब मरम्मत कार्य के जरिए सभी फिल्टरों को दुरुस्त किया जा रहा है. इसके साथ ही फिल्टर प्लांट परिसर में रंगाई-पुताई और सफाई का कार्य भी कराया जा रहा है, ताकि प्लांट की कार्यक्षमता और व्यवस्थाए बेहतर हो सकें.

### इनका कहना है.

मीनाक्षी चौराहे के सौंदर्यीकरण के तहत दुकानों को एकरूप स्वरूप दिया जा रहा है. पार्किंग जोन से सड़क पर वाहन खड़े नहीं होंगे और यातायात व्यवस्था बेहतर होगी. साथ ही फ़िल्टर प्लांट की सफाई का काम भी कराया जा रहा हैं.

**नीतू महेंद्र यादव नपा अध्यक्ष नर्मदापुरम**

# शराब दुकानों और ढाबों पर की छापेमारी, 6 केस दर्ज

- संयुक्त दल ने की पिपरिया में बड़ी कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 22 मई. अवैध शराब सेवन और अनियमितताओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई पिपरिया में राजस्व, आबकारी और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने की. इस दौरान शराब दुकानों, ढाबों और गुमटियों का सघन निरीक्षण किया. नायब तहसीलदार नीरज सिंह बैस के नेतृत्व में टीम ने मंडी रोड, बस स्टैंड और इतवारा बाजार स्थित शराब दुकानों के आसपास जांच की.**

इस दौरान हवेली ढाबा, साईं सिलारी ढाबा, साईं फैमिली ढाबा, सतपुड़ा ढाबा और नैवेद्य ढाबा में विशेष चेकिंग की गई. निरीक्षण में हवेली ढाबा, साईं फैमिली ढाबा और इतवारा बाजार शराब दुकान के पास एक गुमटी में खुलेआम शराब पिलाने की शिकायत सही पाई गई. टीम ने मौके पर लोगों को सार्वजनिक रूप से मदिरापान करते पकड़ा. इस पर म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 36(अ) एवं 36(ब) के तहत कुल 6 प्रकरण दर्ज किए गए, साथ ही साईं फैमिली ढाबा में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करते पाया गया. नियम तोड़ने पर एक सिलेंडर जब्त कर संचालक को कड़ी चेतावनी दी गई. प्रशासन की इस छापेमारी के बाद शहर में अवैध रूप से शराब पिलाने वालों में हड़कंप मच गया है. नायब तहसीलदार नीरज सिंह बैस ने शराब दुकान संचालकों को साफ निर्देश दिए कि दुकानों के आसपास किसी भी हाल में शराब न पिलाई जाए. चेतावनी दी गई कि अगली बार नियम तोड़ने पर और कठोर कार्रवाई होगी. कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक हितेश कुमार बिशोरिया, आरक्षक गणपति बोबड़े, योगेंद्र सिंह ठाकुर, नगर सैनिक बसंत पटेल, संतोष ठाकुर शामिल रहे. पुलिस विभाग से सहायक उपनिरीक्षक दिलीप सिंह परते, मुख्य आरक्षक साजिद अली, आरक्षक अनिल, प्रतीक साहू एवं सतीश पटेल ने सहयोग किया.

## एक नजर में



### 63 लीटर अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**नर्मदापुरम, 22 मई.** जिले के थाना स्टेशन रोड पिपरिया पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 63 लीटर देशी शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी जब्त की है. पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण थोटा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन तथा एसडीओपी पिपरिया मोहित कुमार यादव के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थ एवं शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में 21 मई को मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने शेखून ढाबा के पास एसएच-19 मुख्य मार्ग डोकरीखेड़ा क्षेत्र में घेराबंदी कर कार्रवाई की. पुलिस ने महेश पिता भगवानदास कोरी (35), निवासी रेलवे पुल के पास गांधी वार्ड को स्कूटी पर अवैध शराब का परिवहन करते हुए पकड़ा. तलाशी के दौरान स्कूटी पर रखी दो सफेद बोरियों से कुल 350 क्वार्टर देशी प्लेन शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 63 लीटर एवं अनुमानित कीमत करीब 35 हजार रुपये बताई गई. वहीं जब्त स्कूटी की कीमत लगभग 65 हजार रुपये आंकी गई है. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है. कार्रवाई में निरीक्षक आदित्य सेन, उपनिरीक्षक अमित सिंह भारद्वाज, प्रधान आरक्षक रवीश बोहरे, आरक्षक प्रेमशंकर शिल्पी, महिला आरक्षक शिवानी कौरव एवं थाना स्टेशन रोड पिपरिया स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही.



### प्रेक्षक ने टिमरनी के केंद्रों का किया निरीक्षण

**हरदा, 22 मई.** नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण 2026 के लिए मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक डी.डी. अग्रवाल ने शुक्रवार को विकासखंड टिमरनी के केंद्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत छिदगांवमेल, खिड़की, रहटगांव, सोडलपुर तथा नगर परिषद टिमरनी में दावे-आपत्ति प्राप्त करने के लिए निर्धारित केंद्रों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राधिकृत कर्मचारियों से प्राप्त दावे-आपत्तियों की विस्तृत जानकारी ली. मतदाता सूची को शुद्ध बनाने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं प्राधिकृत कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

# मुख्य मार्ग पर हादसा होने का मंडरा रहा है खतरा

- भीलटदेव के पास पुल पर बड़ा गड्ढा होने से परेशानी,

**सिवनी मालवा 22 मई. सिवनी मालवा से नर्मदापुरम जाने वाले मुख्य मार्ग पर इन दिनों वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. भीलटदेव के पास लुगची नदी के पुल पर सड़क का हिस्सा धंसने से बड़ा गड्ढा हो गया है, जिससे यहां कभी भी बड़ा हादसा होने का खतरा मंडरा रहा है. संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है.**



सिवनी मालवा से करीब 7 किलोमीटर दूर स्थित इस पुल पर सड़क किनारे की मिट्टी लगातार धंस रही है. प्रतिदिन छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही के कारण गड्ढा और बड़ा होता जा रहा है. मुख्य मार्ग के दोनों ओर साइड सोल्डर भी नहीं भराए गए हैं, जिससे स्थिति और अधिक खतरनाक बन गई है. पुल के एक हिस्से में सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है और पाइपलाइन के पास की मिट्टी लगातार खिसक रही है. यह मार्ग हाईवे होने के कारण यहां दिन-रात ट्रक, ट्रैक्टर, कार और मोटरसाइकिलों का भारी दबाव बना रहता है. इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचते हैं. वाहन चालकों का कहना है कि रात के समय गड्ढा दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना का खतरा रहता है.

# छात्राओं ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 22 मई. शासकीय कन्या महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर ईको क्लब के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संकल्प लिया.**



प्रारंभ में जैव विविधता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि इसका उद्देश्य पृथ्वी पर मौजूद विभिन्न जीव-जंतुओं, पौधों, सूक्ष्मजीवों एवं पारिस्थितिक तंत्रों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है. इस वर्ष की थीम 'वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य' रखी गई है, जो स्थानीय स्तर पर किए जाने वाले संरक्षण प्रयासों के महत्व को दर्शाती है.

प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण पूरी मानव जाति की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बन चुका है. बढ़ते प्रदूषण, वनों की कटाई, जल स्रोतों के क्षरण तथा प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से जैव विविधता निरंतर प्रभावित हो रही है. उन्होंने कहा कि यदि समय रहते संरक्षण के प्रभावी प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर पर्यावरणीय संकटों का सामना करना पड़ सकता है. उन्होंने छात्राओं को अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने की प्रेरणा दी.

ईको क्लब प्रभारी डॉ. सतीश बालपुरे ने कहा कि जैव विविधता केवल पौधों और जीव-जंतुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण जीवन चक्र का आधार है. प्रकृति में उपस्थित प्रत्येक जीव एवं वनस्पति पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उन्होंने छात्राओं से अधिक से अधिक पौधारोपण करने, जल संरक्षण अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया.

ईको क्लब सह-प्रभारी डॉ. रजनीकांत वर्मा ने कहा कि स्थानीय स्तर पर किए गए छोटे-छोटे प्रयास ही वैश्विक स्तर पर बड़े परिवर्तन का आधार बनते हैं. उन्होंने जल संरक्षण, प्लास्टिक उपयोग में कमी, जैविक खेती को बढ़ावा तथा स्थानीय एवं औषधीय पौधों के संरक्षण को पर्यावरण सुरक्षा के लिए आवश्यक बताया. इस अवसर पर पौधों का वितरण कर उनकी देखभाल एवं संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया.

संचालन डॉ. मनीष दीक्षित ने किया. आभार डॉ. गजेंद्र वाईकर ने माना. इस अवसर पर मनोज प्रजापति, धीरेंद्र दुबे, डॉ. सीमा तोमर, डॉ. दुर्गा मीणा, संगीता कहार, विमला कदम, शशांक गौर आदि उपस्थित थे.

# लोक नृत्य कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 22 मई. साथी जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति नर्मदापुरम द्वारा कथक नृत्य, श्री रामायण नृत्य नाटिका, लोक नृत्य एवं लोक शास्त्रीय गायन का ग्रीष्मकालीन प्रस्तुतिपरक 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुभारंभ नर्मदा महाविद्यालय में किया गया.**

यह कार्यशाला एवं प्रशिक्षण शिविर 30 मई तक आयोजित किया जाएगा. यह कार्यशाला शा. नर्मदा महाविद्यालय के विशेष सहयोग से महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में सायं 4.00 बजे से सायं 7.00 बजे तक प्रतिदिन की जा रही हैं.

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि लखनऊ से आमंत्रित तनुजा ओली, अवंतिका शर्मा तथा डॉ. रामकुमार चौकसे ,प्राचार्य नर्मदा महाविद्यालय डॉ. कमल वाधवा, पं. रामसेवक शर्मा, आचार्य हरिओम मिश्रा, कमल झा एवं जयसिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. इसके बाद आलाप म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों अनुश्री सोनी, रक्षा कहार, नितिन बोरासी और गौतम द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई.

सुरवाणि संस्था के छात्र समुख दीवान एवं कुशाग्र सैनी ने तबला वादन कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया. सभी अतिथियों का शाल, पुष्प माला, समृति चिन्ह और उत्तराखण्ड की कुमाउनी टोपी पहनाकर सम्मान किया गया. प्राचार्य श् द्वारा उद्बोधन दिया. कार्यक्रम समन्वयक तनुजा ओली द्वारा कलाकारों का प्रस्तुत हुआ. इस दौरान कार्यशाला में बहुत ही उत्साह के साथ प्रतिभागी सम्मिलित हुए. मोहित श्रीवास्तव, राजीव दुबे, भावना विश्वकर्मा, राकेश चौहान, यशिका दुबे, पूर्वी नगराइच, रुचि खंडेलवाल, रेवा तिवारी, अभिषेक अहिरवार, पवन यादव एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए. कार्यशाला निर्देशक रत्नेश साहू ने आभार व्यक्त किया गया.

### जाम्भाणी संस्कार शिविर 25 से शुरू होगा

**हरदा, 22 मई.** जाम्भाणी साहित्य अकादमी बीकानेर के तत्वावधान में देशभर में संस्कार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. मप्र के लिए यह शिविर 25 से 29 मई तक नेमावर स्थित श्रीविश्नोई आश्रम में आयोजित किया जाएगा. शिविर में विश्नोई समाज के 10 से 16 वर्ष के बालकों को शिविर में आवासीय सुविधा भी दी जाएगी. शिविर के प्रभारी कैलाश गोदारा व सह प्रभारी उमेश बेनीवाल ने बताया कि शिविर में सौ बच्चों को शामिल करने का लक्ष्य है. पांच दिवसीय शिविर पूर्ण आवासीय है. बच्चों को पठन पाठन सामग्री भी निश्शुल्क दी जाएगी. संयोजक स्वामी आत्मानंद महाराज नेमावर ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य श्रीगुरु जम्भेश्वर भगवान द्वारा प्रदत्त वाणी और विश्नोई साहित्य का बाल्यकाल में ही अध्ययन कराना है.

# रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र हो : विधायक



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 22 मई. विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने खिरकिया रेलवे स्टेशन के ओवरब्रिज का निर्माण शीघ्र करने की मांग की है.**

उन्होंने मुख्य अभियंता सेतु परिक्षेत्र भोपाल, कार्यपालन यंत्री, सेतु निर्माण संभाग भोपाल, अधीक्षण यंत्री सेतु निर्माण मंडल भोपाल, मंडल रेल प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलव, भोपाल एवं हरदा कलेक्टर को पत्र भेजा है. पत्र में खिरकिया रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र कराये जाने की मांग की गई है. डॉ. दोगने ने कहा कि निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से संचालित हो रहा है.

विधायक ने कहा किखिरकिया रेलवे फाटक नगर एवं क्षेत्र के प्रमुख आवागमन मार्ग पर स्थित होने से यहां प्रतिदिन भारी यातायात दबाव बना रहता है. निर्माण कार्य की धीमी प्रगति के कारण रेलवे फाटक पर आए दिन लंबे-लंबे जाम की स्थिति निर्मित हो रहती है, जिससे लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. अव्यवस्थित आवागमन के कारण दुर्घटनाओं की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही है. जिससे जनहानि की आशंका बनी रहती है.

**निरीक्षण** — कपासी, छिदगांव मेल व टिमरनी का दौरा, उपार्जन केंद्रों पर किसानों से की चर्चा

# कलेक्टर ने ग्रामीणों से ली पेयजल व्यवस्था की जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 22 मई.** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को कड़ी धूप में जिले के ग्राम कपासी, छिदगांव मेल और टिमरनी का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों और संस्थानों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान' एवं 'प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान' के तहत आयोजित 'लाभार्थी संतुष्टि शिविर' में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं. उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों से पेयजल व्यवस्था तथा गांव में नामांकन व बंटवारा की स्थिति की जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने उपस्थित किसानों से उपार्जन व्यवस्था पर भी चर्चा की. कलेक्टर ने शिविर में दिव्यांग तुलसीराम हरिप्रसाद को पात्रता अनुसार शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने तथा ग्रामीण आवास प्लस योजना के तहत हितग्राहियों की सूची ग्राम पंचायत में चस्पा करने के निर्देश दिये. स्वास्थ्य शिविर में 27 हितग्राहियों का उपचार किया गया. उन्होने बरूढ़ घाट में संचालित कान्हा श्री गौ धाम का निरीक्षण कर वहां बायो गैस प्लान्ट लगवाने के निर्देश दिये. इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम बरूड़ घाट से गौशाला पहुंच मार्ग का भी निरीक्षण किया.



### उपस्वास्थ्य केंद्र व वेयरहाउस की व्यवस्था देखी

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ग्राम छिदगांव मेल में उपस्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया. उन्होंने अनमोल एप व एनसीडी आंकड़ों की जानकारी ली. कलेक्टर ने वल्लभ वेयरहाउस का निरीक्षण कर भंडारण, तुलाई एवं हम्मालों की व्यवस्था का जायजा लिया. उन्होंने इस दौरान किसानों के लिये उपार्जन केन्द्र पर की गई छाया पानी की व्यवस्था भी देखी. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उपार्जन कार्य में किसानों को कोई समस्या न हो. कलेक्टर ने टिमरनी पहुंचकर कृषि उपज मंडी का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखीं. उन्होंने एसडीएम टिमरनी संजीव नागू को व्यापारियों द्वारा शेड में रखे माल को हटाने के निर्देश दिये. उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यापारी माल नहीं हटाता है तो उससे किराया वसूल किया जाए. इस दौरान उन्होंने ग्राम पिपल्यामाफी में श्याम वेयरहाउस का निरीक्षण कर वहां उपार्जन व्यवस्थाएं देखीं. निरीक्षण के दौरान एसडीएम टिमरनी संजीव कुमार नागू, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती पारूल जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

# भजन के बिना शांति नहीं : शर्मा

- श्रीमद् भागवत कथा 28 तक चलेगी

**सिवनी मालवा 22 मई. पुरुषोत्तम मास पर ग्राम दतवासा में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला. कथा का आयोजन 28 मई तक होगा.**



कथा के पहले दिन सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित रघुनंदन शर्मा के सुपुत्र, कथा वाचक पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि संसार में व्यक्ति चाहे कितना भी धन अर्जित कर ले, विद्या प्राप्त कर ले अथवा भौतिक सुख-सुविधाएं जुटा ले, लेकिन जब तक वह भगवान का भजन नहीं करता तब तक उसके मन को वास्तविक शांति प्राप्त नहीं हो सकती.

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य को जागृत करने वाली अमृतमयी कथा है. उन्होंने धुंधकारी मोक्ष प्रसंग सहित श्रीमद्भागवत की महिमा का सुंदर वर्णन किया तथा भगवान की भक्ति और भजन के महत्व को विभिन्न प्रेरणादायक प्रसंगों के माध्यम से समझाया. पंडित योगेश शर्मा ने मनमोहक भजनों के साथ कथा का रसपान कराया. इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे.